# एस्सार समूह के साथ 25000 करोड़ का एमओयू

अमर उजाला ब्यूरो

## दावोस में हुए करार से ग्रीन हाइड्रोजन व जीसीसी निवेश को मिलेगी तेज रफ्तार

**लखनऊ।** विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के चौथे दिन बृहस्पतिवार को दावोस में उत्तर प्रदेश सरकार और एस्सार समूह के बीच 25000 करोड़ रुपये का समझौता (एमओयू) हुआ। इस निवेश से उत्तर प्रदेश में पावर और ऊर्जा प्रणालियों, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और डाटा सेंटर जैसे क्षेत्रों का विकास किया जाएगा।

इस साझेदारी से प्रदेश की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, सप्लाई चेन अधिक प्रभावी बनेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसके अलावा डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एसए टेक्नोलॉजीज ने इन्वेस्ट यूपी के साथ 200 करोड़ रुपये का करार किया है। इसके तहत राज्य में एक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित किया जाएगा।

वहीं, नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशान (एनटीपीसी) ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के विकास के लिए गैर-वित्तीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे ऊर्जा संक्रमण और सतत विकास के प्रति प्रदेश की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दावोस में गूगल, ब्लैकरॉक, बीसीजी, एचसीएल टेक, इंडियन ऑयल, टॉपसो, इलेवनलैब्स, आरएमजेड इंफ्रास्ट्रक्चर सहित कई वैश्विक कंपनियों और संगठनों के साथ निवेश और सहयोग को लेकर संवाद हुआ।